समाचार

# लाकडाउन उल्लंघन पर आज भी हुई कार्यवाही

## (विभिन्न जोनों में लाकडाउन उल्लंघन करने वालों पर लगाया गया 3200 रूपये का अर्थदण्ड)




कोरबा 20 अप्रैल 2021 –लाकडाउन के उल्लंघन पर नगर निगम कोरबा द्वारा कड़ी नजर रखते हुए उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज निगम के दर्री, बालको व टी.पी.नगर जोनांतर्गत लाकडाउन उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग से निगम अमले ने 3200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें लाकडाउन का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्री जोन में 1500 रूपये, बालको जोनांतर्गत 1100 रूपये , टी.पी.नगर जोनांतर्गत 600 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा कड़ी हिदायत दी गई कि यदि दोबारा उनके द्वारा लाकडाउन का उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।